# इशान किशन के 270 रन से ईस्ट ने बनाया 708 का विशाल स्कोर

## 708 रन के पहाड़ के नीचे दबा साउथ जोन



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**चेन्नई, 8 सितंबर दलीप ट्रॉफी फाइनल में ईस्ट जोन ने साउथ जोन के सामने जीत की राह बेहद मुश्किल कर दी है. ईस्ट जोन के 708 रन के विशाल स्कोर के जवाब में साउथ जोन तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 79.2 ओवर में 240/6 ही बना सका.**







कप्तान तिलक वर्मा 56 रन बनाकर नाबाद हैं, लेकिन टीम अभी भी ईस्ट से 468 रन पीछे है. दिन के अंतिम ओवर में श्रेयस गोपाल के आउट होने के बाद साउथ की उम्मीदें अब पूरी तरह तिलक पर टिक गई हैं. चौथे दिन उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ लंबी साझेदारियां बनाकर पहले पारी के अंतर को कम करना होगा.

तीसरे दिन ईस्ट जोन के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही साउथ पर दबाव बनाए रखा. मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने नई गेंद से सटीक लाइन-लेंथ के साथ बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. रिकी भुई महज एक रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद देवदत्त पडिक्कल और नारायण जगदीशन ने पारी को संभाला और कुछ देर तक ईस्ट के गेंदबाजों का डटकर सामना किया. जगदीशन 32 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पडिक्कल ने 60 रन की अहम पारी खेली.

शेख रशीद भी 27 रन बनाकर शमी का शिकार हुए. इसके बाद तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला.

### किशन के अलावा कुमार कुशाग्र ने बनाए 101 रन

इससे पहले ईस्ट जोन ने इशान किशन के शानदार 270 रन की बदौलत फाइनल में दबदबा कायम किया. किशन के अलावा कुमार कुशाग्र ने 101, शिखर मोहन ने 85 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन बनाए. इन पारियों के दम पर ईस्ट ने पहली पारी में 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. अब चौथे दिन साउथ जोन की कोशिश किसी भी तरह पहली पारी के अंतर को कम करने की होगी. तिलक वर्मा क्रीज पर टिके हैं और उनसे बड़ी पारी की उम्मीद है. हालांकि मौजूदा स्थिति में ईस्ट जोन का पलड़ा बेहद भारी है. साउथ यदि पहली पारी में ईस्ट के स्कोर के करीब नहीं पहुंचता और मुकाबला ड्रॉ रहता है, तो ईस्ट जोन दलीप ट्रॉफी 2026 का चैंपियन बन जाएगा.

# यूएस ओपन : क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं गॉफ

## पूर्व चैंपियन ने 18 वर्षीय इवा जोविक को सीधे सेटों में हराया

### 3 साल बाद फिर अंतिम-8 में पहुंचीं



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**न्यूयॉर्क पूर्व चैंपियन कोको गॉफ ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. चौथी वरीयता प्राप्त गॉफ ने सोमवार को 14वीं वरीयता प्राप्त उभरती अमेरिकी खिलाड़ी इवा जोविक को 80 मिनट में 6-1, 6-4 से शिकस्त दी.**

2023 में यूएस ओपन का खिताब जीतने के बाद यह पहली बार है जब गॉफ न्यूयॉर्क के इस ग्रैंड स्लैम के अंतिम आठ खिलाड़ियों में पहुंची हैं. 22 वर्षीय गॉफ ने पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस और कोर्ट कवरेज से जोविक को दबाव में रखा. हालांकि मैच की शुरुआत में उनकी सर्विस टूट गई थी, लेकिन इसके बाद गॉफ ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया. दूसरे सेट में 18 वर्षीय जोविक ने मुकाबले में वापसी की कोशिश की और अपनी आक्रामक शैली से गॉफ को लगातार रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर किया. जोविक ने तेज शॉट लगाए और कई मौकों पर नेट की ओर बढ़कर अंक हासिल करने की कोशिश की.

## 13 को भारत से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**नई दिल्ली.** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का आगाज 13 सितंबर से होगा. सीरीज के तीनों मुकाबले नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे. दिलचस्प बात यह है कि मुकाबले भारत में होने के बावजूद अफगानिस्तान को आधिकारिक तौर पर घरेलू टीम का दर्जा दिया गया है. सीरीज का आयोजन 13 से 17 सितंबर के बीच होगा और सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होंगे. भारत की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे, जबकि अफगानिस्तान की कमान इब्राहिम जादरान संभालेंगे. भारत-अफगानिस्तान के बीच यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम मानी जा रही है.

# भारत के खिलाफ टी20 मुकाबले के लिए जापान की टीम घोषित

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली , 8 सितंबर भारत और जापान के बीच क्रिकेट के मैदान पर पहली बार होने जा रहे ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए जापान ने अपनी टीम घोषित कर दी है. 22 सितंबर को तोचिगी प्रांत के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में जापान की कप्तानी केंडेल काडोवाकी फ्लेमिंग करेंगे.**

यह मुकाबला दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है. खास बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहला मौका होगा, जब



भारत और जापान की टीमें आमने-सामने होंगी. भारत की टीम की कमान श्रेयस अय्यर संभालेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियन गेम्स 2026 के लिए मजबूत टीम का चयन किया है और जापान के खिलाफ होने वाला यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए एशियाई खेलों से पहले अहम मुकाबला माना जा रहा है.

### एक नजर में

## रिभाव की कप्तानी में डेविस कप खेलेगा भारत



**नई दिल्ली.** भारत के शीर्ष अंडर-16 टेनिस खिलाड़ी रिभाव सरोहा आगामी जूनियर डेविस कप फाइनल्स में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे. अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए तीन सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की. रिभाव के अलावा हृतिक कटकम और तविश पाहवा को टीम में जगह दी गई है. जूनियर डेविस कप फाइनल्स का आयोजन मिस्र की राजधानी काहिरा में दो से आठ नवंबर तक होगा. भारतीय टीम के सामने दुनिया की मजबूत टीमों की चुनौती होगी और खिलाड़ियों के लिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा मंच होगा. भारत को प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चेकिया, मेजबान मिस्र, स्पेन, फ्रांस, हंगरी, इटली, जापान, कजाखस्तान, मोरक्को, सर्बिया, अमेरिका और वेनेजुएला जैसी टीमों से मुकाबला करना है. ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर से ही कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा. टीम का नेतृत्व रिभाव सरोहा करेंगे, जिनसे भारतीय अभियान को मजबूती मिलने की उम्मीद है. भारतीय टीम के साथ राणा बनर्जी बतौर कोच काहिरा जाएंगे.

## पिकलबॉल विश्व कप में भारत ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली.** भारत ने दनांग में आयोजित पिकलबॉल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 41 पदकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया. भारतीय दल ने सात स्वर्ण, 17 रजत और 17 कांस्य पदक अपने नाम किए. यह प्रदर्शन पिछले साल के मुकाबले बड़ी छलांग है, जब भारत सातवें स्थान पर रहा था. इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने किड्स, जूनियर, ओपन, सीनियर और मास्टर्स टीम स्पर्धाओं के साथ व्यक्तिगत वर्गों में भी दमदार प्रदर्शन किया. टीम स्पर्धाओं में 48 खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाओं में 130 से अधिक भारतीय खिलाड़ी मैदान में उतरे. भारतीय अभियान की सबसे खास उपलब्धियों में किड्स टीम का रजत पदक शामिल रहा. वीर शाह की कप्तानी वाली टीम में विरांश चोपड़ा, आरिन बल्लानी, माहिका राठौड़, मानसी कार्तिक, आश्रिता एस, कवीर मेहता और प्रार्थना मोटियानी शामिल रहे. वीर शाह को किड्स वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कप्तान का सम्मान भी मिला. जूनियर वर्ग में भारत को क्वार्टर फाइनल में मजबूत वियतनामी टीम से हार का सामना करना पड़ा और टीम चौथे स्थान पर रही.

## हॉकी : 7-3 से जीती भारतीय पुरुष टीम

**मोकी (चीन).** जूनियर हॉकी एशिया कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का सिलसिला जारी रखा.



गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने पूल-ए के मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 7-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की. वहीं भारतीय महिला टीम ने जापान को 7-0 से एकतरफा शिकस्त देकर लगातार तीसरी जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. पुरुष टीम के लिए मुकाबला शुरुआती तीन क्वार्टर तक कड़ा रहा, लेकिन आखिरी क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने तीन गोल दागकर मैच पूरी तरह अपने पक्ष में कर लिया. भारत ने पांचवें मिनट में कप्तान अनमोल एक्का के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल से बढ़त बनाई. हालांकि दक्षिण कोरिया ने अगले ही मिनट दोहयोन चोई के गोल से बराबरी कर ली. 18वें मिनट में लवेनूर सिंह ने फील्ड गोल कर भारत को फिर आगे किया, लेकिन ह्योगुक यू ने अगले मिनट पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 कर दिया.

# एशियन गेम्स में टीम इंडिया के इंतजामों से बोर्ड संतुष्ट

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 8 सितंबर. जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम की सुविधाओं को लेकर चल रही चर्चाओं पर अब विराम लग गया है.**

खिलाड़ियों के ठहरने और अन्य इंतजामों को लेकर खराब सुविधाएं मिलने की खबरों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्डने स्थिति साफ कर दी है. बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट है. इससे पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि खिलाड़ियों को अपेक्षित स्तर की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और बोर्ड अपनी टीम में बदलाव पर विचार कर सकता है. हालांकि, अब बोर्ड ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है.

# तैराकी चैंपियनशिप में अनिका ने जीता कांस्य

## जी-2 प्लेटफार्म इवेंट में 152.15 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहीं



**पहले दिन डाइविंग में मध्य प्रदेश को पदक**

**महाराष्ट्र की मानस्विनी सावंत ने जीता स्वर्ण**

**कनक शंकु ने 162.20 अंक के साथ रजत जीता**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली , 8 सितंबर राष्ट्रीय जूनियर तैराकी एवं गोताखोरी चैंपियनशिप के पहले दिन मध्य प्रदेश की अनिका आनंद चौरसिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया.**


इंदौर विकास प्राधिकरण के स्विमिंग पूल में आयोजित बालिकाओं के जी-2 प्लेटफार्म इवेंट में अनिका ने 152.15 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया. महाराष्ट्र की मानस्विनी सावंत ने 162.55 अंकों के साथ स्वर्ण, जबकि महाराष्ट्र की ही कनक शंकु ने 162.20 अंक हासिल कर रजत पदक जीता.

शहर में आयोजित 43वीं सब-जूनियर एवं 52वीं जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश को पहले ही दिन अनिका के प्रदर्शन से पदकीय सफलता मिली.

# गिल के बल्ले से मिला करारा जवाब

**गिल ने जड़े 6,4,6, फिर बल्ले से मिला करारा जवाब**

**आखिरी गेंद पर नमन धीर के हाथों कैच हुए गिल**



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 8 सितंबर भारतीय क्रिकेट के दो पुराने साथी शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जब शेर-ए-पंजाब टी20 लीग में आमने-सामने उतरे तो मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया.**

दोनों खिलाड़ी पंजाब क्रिकेट सिस्टम से साथ निकले हैं, भारत के लिए एक साथ पारी की शुरुआत कर चुके हैं और ड्रेसिंग रूम भी साझा कर चुके हैं. हालांकि, सोमवार को मोहाली में दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर थे. मुकाबले में पहले गिल ने अभिषेक शर्मा के गेंदबाजी ओवर में लगातार बड़े शॉट लगाकर अपनी टीम के लिए रन जुटाए, लेकिन इसके बाद अभिषेक ने बल्ले से तूफानी पारी खेलकर ऐसा जवाब दिया कि मुकाबले का रुख ही बदल गया. अंत में अमृतसर सूर्मास ने चार विकेट से जीत दर्ज की.

> फाजिल्का फाल्कन्स की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार पारी खेली. पारी के 10वें ओवर में जब अभिषेक शर्मा गेंदबाजी करने आए तो गिल ने पहली ही गेंद पर सीधा छक्का जड़ दिया. इसके बाद उन्होंने डीप मिडविकेट की दिशा में चौका लगाया और ओवर की पांचवीं गेंद को भी छक्के के लिए भेज दिया. इस तरह अभिषेक के ओवर में गिल ने 6,4,6 का सिलसिला पूरा किया. गिल तेजी से अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वह कैच आउट हो गए. नमन धीर ने उनका कैच पकड़ा.

## एज फ्रॉड में बैन रोहित अंडर-19 टीम से बाहर

**नई दिल्ली.** उम्र संबंधी गड़बड़ी के कारण भारतीय अंडर-19 टीम से बाहर किए गए बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव की जगह ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए आर्यन सावसानी और तन्मय बलोदा को टीम में शामिल किया गया है. आर्यन सावसानी को वनडे सीरीज के लिए चुना गया है, जबकि तन्मय बलोदा चार दिवसीय मल्टी-डे मुकाबलों में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उम्र में हेरफेर के मामले में रोहित यादव पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है. वह जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय अंडर-19 टीम में भी शामिल थे, लेकिन उम्र संबंधी गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्हें टीम से हटा दिया गया.



# शीतल देवी वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज के फाइनल में पहुंची

**अहमदाबाद , 8 सितंबर. वर्ल्ड आर्चरी पैरा चैंपियन और भारत की स्टार पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अहमदाबाद में आयोजित हो रही वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज 2026 के तीसरे चरण के कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है.**

सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में शीतल ने अपनी ही देश की खिलाड़ी सरिता को 145-143 के करीबी अंतर से हराया. शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी बुधवार को फाइनल में कजाकिस्तान की दूसरी सीडेड खिलाड़ी आइजादा सेइडन का सामना करेंगी. वहीं, सरिता ब्रॉन्ज मेडल के लिए चीन की वांग हुइटिंग से मुकाबला करेंगी, जिन्होंने दूसरे राउंड में दुनिया की पहली क्वाड्रपल एम्प्यूटी (चारों अंग न होने वाली खिलाड़ी) पायल नाग को हराया था. शीतल ने रविवार को कंपाउंड महिला क्वालिफिकेशन में सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर 698 हासिल करके भारत की अंतरराष्ट्रीय मेजबानी की शुरुआत को यादगार बना दिया था. 19 वर्षीय बिना हाथों वाली तीरंदाज शीतल ने अपना ही एशियाई रिकॉर्ड एक प्वाइंट से बेहतर किया. यह रिकॉर्ड उन्होंने पहले नोवे मेस्टो में दूसरे चरण में बनाया था.


### सेइडन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया हासिल

उनके हालिया राउंड में उन्होंने 25 बार '10' और 26 बार 'एक्स' स्कोर किया. 'एक्स-रिंग' का इस्तेमाल '10-रिंग' के अंदर टाई-ब्रेकर के तौर पर किया जाता है, जिससे वह प्रतियोगिता में दूसरों से 10 प्वाइंट आगे रहीं. इस प्रदर्शन ने आइची-नागोया 2026 एशियन पैरा गेम्स से पहले शीतल की शानदार फॉर्म को भी दिखाया, जहां वह कंपाउंड महिला व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम खिताब का बचाव करेंगी. कजाकिस्तान की दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी सेइडन ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 688 हासिल किया.

**अग्निपरीक्षा** — गोल्ड पर रहेगी नजर, लॉस एंजिल्स का टिकट निशाने पर

# एशियन गेम्स के लिए रवाना हुई भारतीय हॉकी टीम

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**बेंगलुरु, 8 सितंबर. भारतीय महिला हॉकी टीम जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियन गेम्स के लिए रवाना हो गई है. कप्तान सलीमा टेटे और कोच शोर्ड मारिन नेतृत्व में भारतीय टीम मंगलवार को बेंगलुरु से रवाना हुई.**



एफआईएच के लॉस एंजिल्स 2028 क्वालिफिकेशन सिस्टम के तहत, 2026 एशियन गेम्स में महिला हॉकी कॉम्पिटिशन में सबसे ऊपर रहने वाली टीम लॉस एंजिल्स 2028 के लिए ओलंपिक कोटा हासिल करेगी, बशर्ते उसने पहले किसी दूसरे रास्ते से क्वालीफाई नहीं किया हो. भारतीय टीम का मुख्य लक्ष्य स्वर्ण पदक हासिल करना और लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना होगा.एशियन गेम्स, मारिन के अंडर भारतीय महिलाओं के लिए एक शानदार बदलाव का नया अध्याय होगा. मारिन को जनवरी 2026 में आधिकारिक कोच के रूप में नियुक्त किया गया था.

> टीम ने ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप में एक भी मैच नहीं गंवाया. इंडिया ने पूल स्टेज में यूएसए, जापान और उरुग्वे को हराया, सेमी-फाइनल में चिली को 6-0 से हराया और फिर फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर खिताब जीता. इस जीत से इंडिया को अगले सीजन के लिए एफआईएच हॉकी विमेंस प्रो लीग में प्रमोशन भी मिला.